भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

**<u>श्री एन. चन्द्रबाबू नायडू, आंध्रप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री द्वारा तिरूपति हवाईअड्डे पर स्मारकीय राष्ट्रीय ध्वज का उद्घाटन</u>**

नई दिल्ली, 23 जून, 2017: श्री एन. चन्द्रबाबू नायडू, आंध्रप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री ने दिनांक 22.6.2017 को तिरूपति हवाईअड्डे पर 30.5 मीटर ऊंचा स्मारकीय राष्ट्रीय ध्वज फहराया ।

जिला कलेक्टर तथा न्यायधीश, डीआईजी, आंध्रप्रदेश राज्य पुलिस, एस पी (शहरी), नगर निगम आयुक्त (तिरूपति), श्री एस. श्रीकुमार, क्षेत्रीय कार्यपालक, दक्षिणी क्षेत्र, भाविप्रा तथा श्री एच. पुल्ला, विमानपत्तन निदेशक, तिरूपति हवाईअड्डा साइट पर उपस्थित थे ।

तिरूपति हवाईअड्डे पर स्थापित स्मारकीय राष्ट्रीय ध्वज की ऊंचाई 30.5 मीटर (लगभग 100 फुट) है । 100% बुना हुआ पौलिएस्टर (140 जी एस एम) 30 फीट x 20 फीट आकार के राष्ट्रीय ध्वज को 3 साईड सुपर-स्ट्रांग नायलॉन वेबिंग तथा आइलेट्स रोप/टॉगल स्लीव के साथ राष्ट्रीय ध्वज को फहराने के लिए 20 साईड पॉलीगोन ध्वज मस्तूल (फ्लैग मास्ट) लगाई गई हैं ।

फ्लैग मास्ट शॉफ्ट नवीनतम आई एस मानकों के अनुरूप तथा आई एस 875 के अनुसार वायु वेग को सहन करने के अनुकूल 4 एम एम गालवनाइजिड स्टील प्लेटों से बनाया गया है ।

ध्वज को फहराने तथा नीचे करने के लिए डबल ड्रम विंच, 6 एम एम व्यास की स्टैनलेस स्टील वायर रोप तथा इन्टीग्रल पावर टूल की व्यवस्था है ।

ध्वज को चौबीसों घंटे फहराया जाएगा तथा रात में स्पष्ट रूप से नजर आने के लिए उपयुक्त प्रकाश व्यवस्था की जाएगी ।

ऊंचे मास्ट की आपूर्ति तथा स्थापना फ्लैग मास्ट बनाने में अग्रणी तथा देश भर में 150 से भी अधिक स्थानों पर ऊंचे फ्लैग मास्ट लगाने वाले मैसर्स बजाज इलैक्ट्रिकल द्वारा की गई ।

विजाग, विजयवाड़ा, मदुरै, तिरूपति, श्रीनगर आदि सहित भाविप्रा के 22 हवाईअड्डों पर भी ऐसा ही ध्वज स्थापित है ।

.............................................................................................................................

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी
विस्तृत विवरण के लिए संपर्क करें:
महाप्रबंधक (ज.सं.) 9811521881, 011-24622787
सं. 15/2017-18

**आंध्रप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री एन. चन्द्रबाबू नायडू तिरूपति हवाईअड्डे पर 30.5 मीटर (लगभग 100 फुट) ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहराते हुए ।**